प्रेषक,

अपर निदेशक (प्रा0शि0)
गढ़वाल मण्डल, पौड़ी।

सेवा में,

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा0शि0)
गढ़वाल मण्डल।

पत्रांक/सेवा0अराज0/ 4763-65/3 ख (4)/ज्येष्ठता/2019-20 दिनांक 13 फरवरी 2020

विषय:- दिनांक 21.03.2008 से दिनांक 01.07.2015 तक कनिष्ठ सहायक पद पर मौलिक रूप से नियुक्त कार्मिकों की अनन्तिम ज्येष्ठता सूची के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, उत्तराखण्ड, देहरादून के पत्रांक/ सेवायें-3/19377-85/2019-20 दिनांक 20 जनवरी 2020 द्वारा दिनांक 21.03.2008 से दिनांक 01.07.2015 तक कनिष्ठ सहायक पद पर मौलिक रूप से नियुक्त कार्मिकों की ज्येष्ठता तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के अनुपालन में मण्डल स्तर पर दिनांक 21.03.2008 से दिनांक 01.07.2015 तक कनिष्ठ सहायक पद पर मौलिक रूप से नियुक्त कार्मिकों की अनन्तिम ज्येष्ठता सूची उत्तरांचल सरकारी सेवक सेवा नियमावली-2002 संख्या-195/कार्मिक-2/2002 दिनांक 13 अगस्त 2002 के अनुसार तैयार की गयी है।

अतः उक्त ज्येष्ठता सूची विभागीय वैबसाईट www.schooleducation.uk.gov.in पर अपलोड की जा रही है। यदि किसी भी कार्मिक के नाम/उपनाम/कार्यरत स्थल/नियुक्ति तिथि (नियुक्ति आदेश के अनुसार)/वर्तमान पद पर कार्य करने की तिथि/जाति में गलत अंकना हुयी हो अथवा नाम छूटा हो तो सम्बन्धित कार्मिक का संशोधन हेतु आवेदन पत्र साक्ष्यों सहित इस कार्यालय की ई-मेल आई0डी0 adbasic2013@gmail.com अथवा डाक के माध्यम से इस कार्यालय को 07 दिन के भीतर उपलब्ध/अवगत कराना सुनिश्चित करें, ताकि ज्येष्ठता सूची को अन्तिम रूप दिया जा सके।

संलग्नः- ज्येष्ठता सूची

भवदीय
13.02.2020

(एस0 पी0 खाली)
प्र0 अपर निदेशक (प्रा0शि0)
गढ़वाल मण्डल, पौड़ी।

पृ0सं0/ सेवा0अराज0/ /3 ख (4)/ज्येष्ठता/2019-20 दिनांक उक्तवत।

प्रतिलिपि- निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. श्री मुकेश बहुगुणा, एम0आई0एस0 प्रभारी, महानिदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून को इस आशय से प्रेषित कि, उक्त सूची को विभागीय वैबसाईड में अपलोड करने का कष्ट करें।

(एस0 पी0 खाली)
प्र0 अपर निदेशक (प्रा0शि0)
गढ़वाल मण्डल, पौड़ी।

Scanned by CamScanner
Scanned by CamScanner